लाइसेंस या खनन पट्टा, केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नही दिया जाएगा । "हीरे" इस अधिनियम की उपरोक्त प्रथम अनुसूची में आते है ।

अजमेर में जिंक के भंडार

1290. **श्री ओंकार सिंह लखावत** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अजमेर (राजस्थान) में जिंक के भंडार पाये गए है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अजमेर (घुघरा भुनाबे क्षेत्र) में जिंक के खनन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, यदि नही, तो इसके कब तक आरंभ होने की संभावना है; और

(घ) अजमेर में कितने भूक्षेत्र में जिंक के भंडार उपलब्ध हैं और इसकी अनुमानित मात्रा कितनी है?

इस्पात और खनन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस) : (क) और (ख) जी हां । राजस्थान के अजमेर जिले में निम्नलिखित महत्वपूर्ण जस्ता सीसा भंडार पाए गए है:-

	भण्डार (एम0टी0)	जस्ता (%)	सीसा (%)
कयार	10.00	14.89	2.67
धुरा	5.52	3.35	1.88
कनकराया	9.01	3.22	2.56
मदारपुरा भुनावे	6.6	5.51	-
कालाबाड़ खण्ड	1.25	6.76	
टिखी खण्ड	1.47	2.54	1.90
सावर खण्ड	0.90	1.45	2.54
बेजता सेन्ट्रल ब्लाक	1.22	3.84	2.57
गणेशपुर खण्ड	0.766	5.75	(कुल सीसा+जस्ता)
टिखी एक्सटेंशन नार्थ ब्लाक	0.4	3.93	(कुल सीसा+जस्ता)

(ग) जी, अभी नही । हिन्दुस्तान जिंक लि0 (एच जेड एल) ने घुघरा क्षेत्र में खनन पट्टा प्राप्त किया है । परन्तु भण्डारों की आर्थिक व्यवहार्यता का अभी मूल्यांकन किया जाना बाकी है जिसके लिए अतिरिक्त गवेषण कार्य की आवश्यकता पड़ सकती है ।

(घ) अधिकांश भंडार अजमेर के आस-पास 80 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र में है । कुल लगभग 37.14 मिलियन टन के भण्डारों का अभी तक अनुमान लगाया गया है ।

सरकार द्वारा घोषित खनन परियोजनाएं

1291. **श्री अखिलेश दास** : क्या **खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षो में सरकार द्वारा कितनी खनन परियोजनाएं घोषित की गई है;

(ख) उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जो निर्धारित समय सारणी से पीछे चल रही है और इसके क्या कारण है;

(ग) प्रत्येक परियोजना के संबंध में लागत में कितनी वृद्धि हुई है; और

(घ) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रमेश बैस) : (क) पिछले पांच वर्षो के दौरान, खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की खनन परियोजनाओं के बारे में सरकार ने नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लि0 की बाक्साइट खानों, एलुमिना शोधनशाला और एल्युमिनियम संयंत्र की क्षमता